Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006
Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

an>

Title : Problems being faced by the industries due to implementation of new policies by the Government.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : सभापति महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र जोधपुर है, जो कि राजस्थान का पश्चिमी डेजर्ट जिला है। वहां पर देश की सबसे ज्यादा स्टील की लघु इकाइयां हैं। वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में स्टील की इन इकाइयों में इस्तेमाल प्रति मशीन पर 15,000 रुपए की जो एक्साइज ड्यूटी थी, उसे 100 प्रतिशत बढ़ाकर 30,000 रुपए कर दिया है। 1994 में प्रति मशीन पर 10,000 रुपए, 1995 में 12,500 रुपए, 1997 में 15,000 रुपए एक्साइज ड्यूटी थी, जिसे अब बढ़ाकर 30,000 रुपए प्रति मशीन कर दिया गया है। पूरे जोधपुर जिले में स्टील की इन 500 इकाइयों में 50,000 मजदूर काम कर रहे हैं। इतनी अधिक एक्साइज ड्यूटी होने के कारण अगर ये फैक्ट्रीज बंद हो जाती हैं, वे मजदूर बेकार हो जाएंगे, जबकि वहां पर पहले ही अकाल की स्थिति है। एक कहावत भी है कि जहां-जहां मारवाड़ी चलेगा, देश की गाड़ी चलेगी। मारवाड़ी विपरीत परिस्थितियों में भी यूनिट लगाते हैं और अपना धंधा करते हैं। देश में सबसे ज्यादा स्टील इकाइयां वहां होने के कारण बर्तनों और स्टील का व्यवसाय वहां काफी तादाद में होता है। वहां के लोग भी काफी मेहनती हैं। एक तरफ तो सरकार उत्तरांचल और अन्य कई राज्यों में ड्यूटी माफ कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ मरू प्रदेश के इस जिले में स्टील यूनिट्स में काम आने वाली मशींस पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा रही है। इससे वहां के मजदूर प्रभावित होंगे। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में जो यह ड्यूटी बढ़ाई है, इसे तुरंत प्रभाव से वापस लें, ताकि वहां के कारखाने चल सकें और मजदूरों को भी मजदूरी मिल सके। पूरे राजस्थान में स्टील की करीब 1000 इकाइयां हैं, लेकिन जोधपुर जिले में ही 500 से ज्यादा इकाइयां हैं इसलिए भारत सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए।